जाग उठा हमारा आजाद हिन्दुस्तान
25 अप्रैल 2023

# सफलता की कहानी

## 45 दिनों में मजदूरी कर बनाया चैक डेम और निकाला तीसरी फसल का रास्ता



खरगोन-कहते है कि जहां चाह हो वहां राह निकल ही आती है। झिरन्या जनपद में मानीकेरा पंचायत में कुसुम्बिया गांव के फलिया में रहने वाले जनजातीय लोगों ने भी एक ऐसी ही राह निकाली है। गांव के नाले में बहने वाले पानी को रोकने के लिए पंचायत ने मनरेगा से चैक डेम का काम शुरू किया। लिहाजा यहां मनरेगा में फलियां के लोगों ने कभी 15 तो कभी 18 मजदूरों ने काम भी किया। 45 दिनों तक मजदूरी के बाद जिस नाले का पानी फरवरी मार्च में ही सुख जाया करता था। वहां आज भी भरपूर पानी है। बस इसका फायदा फलिया के नागरिकों ने उठाया है। उन्होंने कभी सोचा नहीं था कि उनके खेत से तीसरी फसल भी उपज सकती है। लेकिन ऐसा हुआ है तो एक छोटे से चैक डेम से। चैक डेम बन जाने ने अब करीब 400 मीटर तक पानी जमा होकर बहने लगा है। इस चैक डेम से रुके पानी को बलिराम, चैनसिंह मनोहर, हीरालाल, हरी, बकील जैसे सैकडो जनजातीय वर्ग के नागरिकों ने अवसर में बदल कर करीब 20 से 25 एक? रकबे में कोई 3 एकड में तो कोई 2 एकड में मूंग, मक्का और मूंगफली की फसल ले रहे हैं।

### जल संरक्षण का इससे अच्छा उदाहरण हमने नहीं देखा

इस चैक डेम की रूपरेखा तैयार करने वाली सहायक यंत्री श्रीमती शीला बिल्लोरे ने बताया कि जल संरक्षण के लिए मनरेगा के तहत कार्य शुरू हुआ और 45 दिनों में बनकर भी तैयार हो गया। लेकिन इसके बाद फलिया के नागरिकों के हाथों में जैसे खजाने की चाबी मिल गई हो। यहाँ सबमें जैसे तीसरी फसल लेने की होड लग गई हो।

सचमुच इतने कम समय में किसी कार्य का इतना अच्छा उपयोग होता देख खुशी मिलती है। 14 लाख रुपये की लागत से 30 मीटर लंबा और 10 फीट ऊंचा चैक डेम बनाया गया। इससे यहाँ के फलियां वाले किसानों ने अच्छी फसल लगाई है। साथ ही फलियां में पशुओं के लिए भी पानी की अच्छी सुविधा हुई है। जल संरक्षण का इससे अच्छा क्या उदारहण हो सकता है ?

## विश्व पृथ्वी दिवस पर पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पेडों पर बांधे मिट्टी के सकोर



खरगोन 22 अप्रैल 2023। भीषण तपती गर्मी मे मूक पक्षियों की प्यास बुझाने लिए मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् की नवांकुर संस्था तथा नगर विकास प्रस्फुटन समिति ने विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शनिवार को पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए पेडों पर मिट्टी के सकोरे बांधे। समिति के सदस्यों ने स्थानीय न्यायालय परिसर, तहसील परिसर, जनपद परिसर तथा मंदिरों के पास लगे पेडों पर मिट्टी के सकोरे बांध कर पक्षियों के लिए पानी की व्यवस्था की गयी। नवांकुर संस्था आध्यक्ष अंकित मालीवाल ने बताया कि विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर्यावरण को नुकसान से दूर करने के लिए स्थायी तरीकों को अपनाने का संकल्प लेते हुये तथा बढते तापमान और प्राकृतिक संसाधनों की कमी के कारण ग्लोबल वार्मिंग एक गंभीर मुद्दा है। हमारे आस पास रहने वाले पक्षियों जैसे गौरिया चि?िया, कौआ और ऐसे कई पक्षी जिनकी प्रजातियां विलुप्त हो रही हैं। जिसमें उनके लिए गर्मी में पानी वयवस्था न कर पाना यह भी एक कारण है। उन्होंने कहा कि हम ऐसे छोटे-छोटे अभियान चला कर इन मूक पक्षियों जीवो की जान बचा सकते हैं।

जनपद सीईओ श्री ओपी शर्मा ने बताया कि जिस प्रकार हम मनुष्य को गर्मी में अधिक पानी पीने की आवश्यकता लगती हैं उसी तरह इन बेजुबान पक्षियों को भी खूब प्यास लगती हैं। उनके लिए पानी की व्यवस्था करना बहुत जरुरी हैं। महाविद्यालय जन भागीदारी आध्यक्ष श्री हरीश शर्मा ने बताया कि हर साल पानी न मिलने के कारण कई पक्षियों व अन्य जीवो की म्रत्यु हो जाती हैं।

मानव होने के कारण हमारा कर्त्तव्य हैं की हम ऐसे पक्षियों के लिए पानी व दाने की हर संभव वयवस्था करे। मप्र जन अभियान परिषद् अपनी समितियों के माध्यम हर गावों में ऐसे अभियान चला कर बेजुबान पक्षी व जीवो के लिए पानी व दाने की वयवस्था कर पृथ्वी पर आने वाले संकट से बचने के लिए उपाय करेगी।

इस दौरान सानिध्य पारासर, मोनिका दीक्षित, रमेश साबले, अक्षय अग्रवाल, हिमांशु अत्रे, रितेश पुरे, अभिन्न कुमार शुक्ला, गुरुचरण सोलंकी, यश गुप्ता, मिश्रीलाल बिरला आदि ने इस अभियान में सहयोग प्रदान किया।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, बड़वाह जिला खरगोन (म. प्र.)

Phone- 07280-222036 Fax 07280-222979 EmailID-cmobadwah@mpurban.gov.in

क्रमांक / 252 / 2023

बडवाह,दिनांक 21.04.2023

### हकअंतरण विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निचे लिखे प्रकरण निकाय में हकअंतरण हेतु प्राप्त हुए है,इस हकअंतरण के संबध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह हकअंतरण विज्ञप्ति सूचना दिनांक से 30 दिवस में अपनी लेखी आपत्ति स-प्रमाण इस कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर सकता है । इस अवधि में यदि आपत्ति प्राप्त नही हुई तो हकअंतरण की आगामी कार्यवाही पूर्ण कि जावेगी वह इस संबध में कोई आपत्ति मान्य नही होगी । सूचित हो ।

| क. | वार्ड क. | महोल्ला | हस्तांतरण कर्ता / विकेता | हस्तातंरिती / केता | आवेदन दिनांक | भवन भूमि क. | क्षेत्रफल वर्ग फीट / वर्ग मीटर | नमांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 08 | कंवर कालोनी | रघुवीरसिंह पिता कुलदिपसिंह | अरवा पति आमिर | 13.02.23 | 12D | 1200 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 2 | 08 | कंवर कालोनी | दलजीतसिंह पिता विरेन्द्र,एवं सुप्रितसिंह कोर पति दलजीतसिंह | आमिर पिता इकबाल हुसैन | —'— | 26 | 900 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 3 | 10 | भंडारी ग्रिन कालोनी | संजय पिता अनोखचंद | सुभाष पिता श्याम केवट एवं दिपक पिता श्याम | —'— | 32 | 1314 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 4 | 10 | —'— | सुभाष पिता श्याम केवट एवं दिपक पिता श्याम | दिपक पिता श्याम केवट | —'— | 32पैकी | 657 वर्गफीट | सहमति पत्र,शपथ पत्र |
| 5 | 10 | —'— | दिलिप कुमार पिता अनोकचंद | सुनीता पति जगमोहन | 14.02.23 | 190 | 950 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 6 | 10 | पुखराज कालोनी | प्रेमचंद पिता पुखराज जैन | प्रेमलता पति तिलोकचंद | 14.02.23 | I 24 | 1500 वर्गफीट | —'— |
| 7 | 04 | हरिजन बस्ती | कैलाश बहन ममता पिता ताराचंद एवं लक्ष्मीबाई पति ताराचंद | लक्ष्मीबाई पति ताराचंद | —'— | 97 / 1 | — | शपथ सहमति |
| 8 | 14 | महात्मा गॉधी मार्ग | उर्मिला बेवा राजेश एवं राजेश पिता श्रीकृष्ण | अर्पिता पति नितेश शुक्ला | 13.02.23 | 10पैकी दु.नं.12 | 4042 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 9 | 13 | आदर्श नगर कालोनी | श्यामलाल पिता मथुरालालजी | शोभा रानी पति श्यामला | 16.02.23 | 186 | — | मृत्यु / शपथ पत्र |
| 10 | 15 | तिलक मार्ग | शंकरसिंह,किशोर सिंह,जसवंतसिह,बलवं तसिंह पिता गणपतसिंह | कृष्णपालसिंह पिता किशोरसिंह | 16.02.23 | 10 / 2 | 352.50 वर्गफीट | मृत्यु / शपथ, सहमति पत्र |
| 11 | 15 | —'— | —'— | निर्मलबाई पति बलवंतसिंह | —'— | 10 / 3 | 293.75 वर्गफीट | —'— |
| 12 | —'— | —'— | —'— | धीरजसिंह पिता बलवंतसिंह | 28.02.23 | 10 / 4 | 289.75 वर्गफीट | —'— |
| 13 | 15 | गुरूनानक मार्ग | पुष्पाबाई पति स्वरूपचंद | स्वरूपचंद पिता हिरालाल | 15.02.23 | प्लाट नं. 102 21 / 16 | 630 वर्गफीट | शपथ / मृत्यु पत्र |
| 14 | 04 | हरिजन बस्ती | चंपाबाई पति राजु | सोनुबाई पति संजय | 22.02.23 | 106 | 598 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 15 | 08 | बाहेती कालोनी | मानसिंह पिता श्री रामलाल गुर्जर | नर्मदा पति मानसिंह गुर्जर | 22.02.23 | 37 | — | शपथ / मृत्यु प्रमाण पत्र |
| 16 | 07 | नर्मदा मार्ग | सुगनचंद पिता पीरथीराज | नीलेश पिता सुगनचंद जैन | 27.02.23 | 95 | 3648.75 वर्गफीट | अपंजीकृत वसीयत,शपथ पत्र,मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 17 | 17 | मौ.आ.मार्ग | राजेश पिता जगन्नाथ राठौर | मामाबाई पति रामलाल नांगपुरे | 28.02.23 | 46 | 576 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 18 | 10 | राजेन्द्र उपनगर | शेरू पिता किशन | बसूबाई पति छगनलाल पटेल | 01.03.23 | 16 / 3 पैकी | 1760 वर्गफीट | शपथ पत्र,सहमति पत्र |
| 19 | 14 | मा.गॉ.मार्ग | चन्द्रकांत पिता किशनलालजी गुप्ता | श्रीमति कुमूद पति चन्द्रकांत गुप्ता, आशीष भाई पवन पिता चंद्रकांत गुप्ता | 15.03.23 | 27 | —'— | शपथपत्र,मृत्यु प्रमाण-पत्र |
| 20 | 08 | कॅवर कालोनी | शोभा पति कैलाशचंद | हरिनारायण उर्फ अमन पिता कैलाशचंद डालुका | 17.03.23 | 674 | —'— | अपंजीकृत वसीयत शपथ / मृत्यु पत्र. |
| 21 | 04 | हरिजन बस्ती | शोभाराम पिता नरसिंह | मनोहर पिता भगवान | 16.03.23 | 133 | — | मृत्यु,शपथ, सहमति पत्र |
| 22 | 04 | विनोभा मार्ग | जमनाबाई पति हिरालाल, आशिष पिता देवचंद पन्नालाल पिता पुनमचंद गोपाला पिता दिपक | जमनाबाई हिरालाल एवं आशिष पिता देवचंद | 20.03.23 | 10पैकी | 813 वर्गफीट | पंजीकृत बटवारा लेख |
| 23 | 16 | गोपालपुरा | मॉगीबाई पति दगडू | प्रेमबाई पत शिवराम | 01.03.23 | 50पैकी | 220 वर्गफीट | सहमति पत्र,शपथ पत्र |
| 24 | 13 | आदर्श कालोनी | रजी हुसैन पति जकी हुसैन | आरीफ पिता अजीज | 01.03.23 | सर्वे नं. 21 / 10 5पैकी | 700 वर्गफीट | विकय पत्र |
| 25 | 07 | नर्मदा मार्ग | ज्योति पति राजेश,उमेश पिता मारूतीराव,सुरेखा पति दिपक,ललीत पिता मारूतीराव,कामीनी पिता मारूतीराव एवं वंदना पिता मारूतीराव | निलेश पिता सुगनचंद जैन | 07.03.23 | 95 / 1 | 2478 वर्गफीट | —'— |
| 26 | 14 | मा.गॉ.मार्ग | श्रीसत्यनारायण मंदिर सुरेश,गोपाल,मधुसुदन पिता रमेश | श्री सत्यनारायण, सुरेश पिता रमेश | 28.02.23 | 241 | —— | शपथ पत्र,मृत्यु प्रमाण-पत्र |

